

## एक नजर में

### कुएं के पानी में मिली अशुद्धि, उपयोग पर रोक

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 20 जनवरी, सं.** तहसील के ग्राम चांद बड़ली स्थित इकबाल खान के कुएँ के पानी की जांच में बैक्टीरियोलॉजिकल अशुद्धि पाए जाने के बाद प्रशासन ने कुएँ के पानी के उपयोग पर रोक लगा दी है. सोमवार को जांच के दौरान एसडीएम ने मामले में कार्यवाही की. जानकारी के अनुसार पीएचई विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कुएँ का पानी पीने योग्य नहीं पाया गया. ऐसे में इस पानी के उपयोग से बीमारी फैलने की संभावना को देखते हुए एसडीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए है. आदेश में कहा गया है कि कुएं के पानी का किसी भी प्रकार से उपयोग नहीं किया जाएगा. आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उल्लेखनीय है कि जन स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन द्वारा क्षेत्र के जलस्रोतों की जांच करवाई जा रही है.

### रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 20 जनवरी, का.** बसंती पंचमी के अवसर पर कल 22 जनवरी को नगर में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा. मेडतवाल नवयुवक संघ के तत्वावधान में स्थानीय मेडतवाल धर्मशाला में प्रात: 10 से दोपहर दोपहर 2 बजे तक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर होगा. उपरोक्त जानकारी देते हुए नवयुवक संघ अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता एवं मिडिया प्रभारी सोनू गुप्ता भैंसाना वाले द्वारा समाज बंधुओं से रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शामिल होने का आग्रह किया गया है.

### 60 चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्रों का परीक्षण

**राजगढ़ 20 जनवरी, का.** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह माह 2026 एवं संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत मंगलवार को ब्यावरा बस स्टेण्ड पर चालक एवं परिचालकों के स्वास्थ्य तथा नेत्र परीक्षण एवं उनके लायसेंस संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु केम्प का आयोजन किया गया. इस केम्प में लगभग 60 चालक/परिचालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्रों का परीक्षण किया गया. साथ ही उनके लायसेंस संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया. यह केम्प जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य एवं यातायात प्रभारी देवनारायण पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित किया गया.

### जनसुनवाई में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

**राजगढ़ 20 जनवरी, का.** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याुओं का निराकरण किया जाता है. आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टनर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्यर कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टरर प्रताप सिंह चौहान, संयुक्ता कलेक्टार वीरेन्द्र सिंह दांगी, डिप्टी् कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे. आयोजित जनसुनवाई में ग्राम झरखेड़ा निवासी रोढ़ जी ने बताया कि आवेदक की कृषि भूमि तक पानी की कमी होने के कारण फसल क्षति ग्रस्त हो गई हैं. जिससे आवेदक को आर्थिक हानि होने के कारण परेकशानी हो रही है. कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद ब्यावरा को आवश्यकक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम झरन्या् निवासी पंचालाल ने बताया कि आवेदक की भूमि झरन्याव तालाब में डूब क्षेत्र में चली गई हैं.

# युवक का सिर मूंडा, दाढ़ी के बाल खींचे

## मानवता शर्मसार : मानसिक रूप से कमजोर के साथ बर्बरता की घटना का वीडियो हुआ वायरल

### पुलिस ने खिलचीपुर से युवक को बरामद कर परिजनों को सौंपा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 जनवरी, का. राजगढ़ में एक युवक के साथ कुछ लोगों द्वारा बर्बरता किए जाने का मामला सामने आया है. प्रथम दृष्टया मानसिक रुप से कमजोर युवक के दाड़ी के बाल खींचे तथा सिर मुंडा. इस घटना का विडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने खिलचीपुर से युवक को खोज निकाला तथा परिजनों को सौंप दिया.**

उधर युवक की मां का कहना है कि उसका बेटा काम पर गया था जो चार दिन से लापता है. जानकारी के अनुसार घटना के वायरल हुए विडियो में कुछ लोगों द्वारा एक युवक को पकड़कर पहले उसकी दाढ़ी के बाल खींचे गए, इसके बाद कैंची से उसके सिर के बाल काटे गए. युवक के सिर से खून भी निकलता नजर आ रहा है, युवक को रस्सी से बांधकर रखा गया था. यह घटना राजगढ़ कोतवाली के ग्राम दिलावरा की होना बताया जा रहा है. महिला का कहना है कि बर्बरता का शिकार युवक उसका बेटा दुर्गेश तंवर उम्र 22 वर्ष है, महिला के अनुसार शुक्रवार को उसका बेटा काम पर जाने का कहकर घर से गया था. लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा. शनिवार को सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो किसी परिचित ने उसे दिखाया, जिसके बाद उसे अपने बेटे के साथ हुई बर्बरता की जानकारी मिली. महिला संजूबाई के अनुसार वह खिलचीपुर थाना क्षेत्र के सूका सेदरा गांव की निवासी है और कई वर्षों से अपने पति और तीन बेटों के साथ ब्यावरा स्थित श्रीराम कॉलोनी में रह रही है. महिला के अनुसार उसके तीनों बेटे—बनवारी, मुकेश और दुर्गेश मजदूरी का कार्य करते है, महिला का कहना है कि उन्हें अब तक यह नहीं पता कि उनके बेटे के साथ यह बर्बरता क्यों की गई.



### यहां से वहां भटकने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

पीड़िता के अनुसार मामले की शिकायत लेकर वह पहले एसपी कार्यालय पहुंची, जहां से राजगढ़ थाने भेजा गया. राजगढ़ थाने में यह कहकर लौटा दिया गया कि युवक ब्यावरा से गया है, इसलिए ब्यावरा थाने में शिकायत की जाए. ब्यावरा थाना पहुंचने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई. महिला ने प्रशासन से बेटे की तलाश कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. पुलिस के अनुसार विडियो के वायरल होने के बाद युवक की तलाश शुरु की जिसमें युवक खिलचीपुर में घूमता हुआ मिला. प्रथम दृष्टया युवक मानसिक रुप से कमजोर होना बताया जा रहा है. पुलिस द्वारा युवक के साथ बर्बरता करने वालों की तलाश की जा रही है.






*जानकारी लगते ही पुलिस बल युवक की तलाश में निकल गया था. युवक मिल गया है. घटना में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.*

**अरविंद सिंह राठौर, एसडीओपी, राजगढ़**

### युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जीरापुर 20 जनवरी, सं.** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जैतपुरा(सुलीपुरा) मे अज्ञात कारणो के चलते एक ग्रामीण युवक ने गांव मे पेड पर लटककर आत्महत्या कर ली. पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार बालचंद्र पिता शिवलाल सेन निवासी जैतपुरा सुलीपुरा ने थाने मे उपस्थित होकर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मेरा पुत्र सीताराम पिता बालचंद सेन 22 वर्ष निवासी जैतपुरा(सुलीपुरा) सोमवार श्याम पांच बजे घर से ट्रैक्टर चलाने के लिए कह कर गया था जो घर वापस नहीं आया तो के जंगल में देखा वह खाखरे के पेड पर लटका दिखा. पुलिस को सूचना दी मृतक के खिलाफ अज्ञात कारण के चलते मर्ग कायम किया. मृतक को रात्रि में सिविल अस्पताल लाया गया तथा मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप कर मामले को जांच में लिया.





## पटवारी निलंबित, सुठालिया और पचोर तहसीलदार को नोटिस

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 20 जनवरी, का.** जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है. यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है. इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता आमने-सामने बैठकर शिकायतों का समाधान करते हैं. इस सप्ताहराजस्व विभाग से संबंधित 5 शिकायतों की समीक्षा की गई है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुन कर मौके पर ही उसका समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया.

यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है. 'संवाद से समाधान' ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है.

मंगलवार को आयोजित संवाद से समाधान कार्यक्रम में शिकायतकर्ता दुर्गाप्रसाद वर्मा द्वारा बताया गया कि आवेदक शम्भुलाल पिता धन्नाकजी ने दो वर्ष पूर्व अभिलेख दुरस्तीग के लिए आवेदन किया था, परन्तुश आज दिनांक तक उनके अभिलेख में सुधार नहीं किया गया. जिससे आवेदक को काफी समस्याश हो रही हैं. कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राजगढ़ से चर्चा की. चर्चा में बताया गया कि उक्त् प्रकरण अपील में हैं. उक्तद सर्वे नंबर का खसरा नहीं होने से जांच में समस्यात आ रही है.

कलेक्टर ने एक माह में प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए. शिकायतकर्ता चैनसिंह द्वारा बताया गया कि ग्राम सींगापुरा नेठाठरी तहसील सुठालिया में कुल रकबा उनका 8 बीघा भूमि है. सात माह पूर्व तहसील कार्यालय में आवेदन किया था, परन्तुल आज दिनांक तक खसरे में नकल आनलाईन अपडेशन नहीं की गई हैं. कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए हल्का पटवारी को निलंबन का नोटिस रीडर तहसील सुठालिया, तहसीलदार सुठालिया में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. शिकायतकर्ता अनुप सिंह द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा नामांतरण का 25 मार्च 2025 को आवेदन किया गया था, लेकिन आज दिनांक तक उनका नामांतरण नहीं किया गया. शिकायत की जांच में एसडीएम सारंगपुर द्वारा बताया गया कि उक्तन कॉलोनी अवैध हैं. कलेक्टयर ने शिकायतकर्ता को पुन: अपील करने की बात कही. साथ ही तहसीलदार पचोर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

## लाइन चेक करने खोदी सड़क नहीं की व्यवस्थित

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 20 जनवरी, का.** नगर में विगत दिवस कई स्थानों पर पाइप लाइनो के लीकेज को दुरस्त करने नपा द्वारा सड़क खोदकर लाइनो को चेक किया गया किंतु इसके बाद खोदी सड़क को पूरी तरह व्यवस्थित न करते हुए जस की तस अवस्था में छोड़ देने से राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. गौरतलब है कि इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद नगर में भी कई स्थानों पर नलों में आ रहे दूषित पानी के मद्देनजर नपा द्वारा राजगढ़ रोड व अन्य जगह पाइप लाईनों को चेक करने का कार्य शुरु किया गया. राजगढ़ रोड पर कोली मोहल्ला जाने वाले मार्ग, पंचशील कॉलोनी में दो जगह सहित अन्य स्थानों पर लाईन चेक करने सड़क खोदी गई, किंतु उक्त स्थान को व्यवस्थित कर समतल नहीं किए जाने से आवाजाही में परेशानी हो रही है. राजगढ़ रोड पर जहां से कोली मोहल्ला जाने के लिए मार्ग जाता है वहीं पर लाइन चेक करने सड़क को खोदा गया. यह मार्ग कई स्कूलों एवं रहवासी क्षेत्रों के लिए जाता है. बड़ी संख्या में हर दिन नागरिकों, स्कूल जाने वाले बच्चों, अभिभावकों का आना-जाना रहता है किंतु सड़क के व्यवस्थित नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. नपा का कहना है कि जल्द ही खोदी गई सड ?ा को दुरस्त करने का कार्य किया जाएगा. किंतु आज दिनांक तक यह सड़के जस की तस अवस्था में ही है. उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कई जगह पाइप लाइनो में आयी खराबी को दूर करने खोदी गई सड़क पर नाममात्र मटेरियल डालकर जस की तस अवस्था में छोड़ दिया गया.

### नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 20 जनवरी, का.** स्थानीय श्री अंजनी लाल मंदिर धाम पर आज 21 जनवरी को नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा. श्री सदगुरू संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर के सहयोग से लगने वाले नेत्र शिविर में आंखों का नि:शुल्क उपचार एवं ऑपरेशन किए जाएंगे, शिविर में भर्ती मरीजों की जांच ऑपरेशन, भोजन, दवाई आदि का प्रबंध सभी नि:शुल्क होगा. नेत्र रोगी अपने साथ आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर अवश्य साथ लेकर आये.

# फलौदी धाम तक करेंगे पदयात्रा

## मेड़तवाल समाज के दो युवक निकले पैदल यात्रा पर

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 20 जनवरी, सं.** नगर के मेडतवाल समाज के दो युवा साथी समाज की कुलदेवी मां फलोदी के प्रकाटय उत्सव में शामिल होने पैदल यात्रा पर निकले. मेडतवाल समाज कि कुलदेवी मां फलोदी का प्रकाटय उत्सव बसंत पंचमी दिनांक 23 जनवरी को मनाया जाएगा. जहां पर मेडतवाल समाज के महिला पुरुष युवा सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होकर मां के चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त करते हैं इस तारतम्य में नगर के मेडतवाल समाज के सदस्य भाजपा नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार डिगा नेता के सुपुत्र सागर जमींदार एवं उनके साथी सिंगी नगर के सिदेश्वर महादेव मंदिर से पुजा अर्चना कर मां फलौदी धाम खैराबाद के लिए पैदल निकलें. जो बसन्त पंचमी के दिन मां से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे. पैदल यात्रा पर निकले यात्री का साफी फुल माला पहनाकर स्वागत दिनेश जमींदार, राजेश गुप्ता नाना, सीएमओ हरीओम शर्मा, सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, दिनेश गुप्ता शिक्षक, नवनीत जुलानिया, मोहन मेवाडें, महेंद्र शर्मा, डॉ. राघवेन्द्र वैध, द्वारका गुप्ता परोलिया, देवेन्द्र जमींदार ने किया. वहीं माचलपुर नाका पर विधायक हजारीलाल दांगी, डॉ राम किरार, सरपंच बापुलाल दांगी, अशोक दुपाड़िया, भगवान खारपा, रामबाबू गरडा, गिरीराज नाईहेड़ा, रामप्रसाद बैरिस्टर, राहुल जमींदार, मनोज रेडीमेड, रामेश्वर गुप्ता टाल, गोविन्द बरोंज, राजेश गुप्ता, रितेश गुप्ता, गुर्जर ने भावभीना स्वागत किया. बसन्त पंचमी पर रामगंजमंडी के नजदीक मां फलोदी धाम खैराबाद पहुंचेंगे.




### नहीं मिली तालाब निर्माण की राशि, शिकायत लेकर पहुंचे

**राजगढ़ 20 जनवरी, का.** ग्राम धामन्दाक निवासी कमल सिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि पर तालाब निर्माण किया जा चुका है. जिसकी राशि आवेदक को प्राप्ते नहीं हुई है. कलेक्टार द्वारा सीईओ जनपद सारंगपुर को आवश्यजक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम कल्लूवखेडी निवासी बनेसिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि का सीमांकन नहीं किया जा रहा है. जिस हेतु आवेदक कई बार आवेदन भी कर चुका है. कलेक्टर द्वारा नायब तहसीलदार कालीपीठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस अवसर पर 60 आवेदन प्राप्त हुए.

